उत्तर प्रदेश में चीनी मिलों का अधिग्रहण

1823. **श्री हरगोविन्द वर्मा :** क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश के राज्यपाल ने केन्द्रीय सरकार से उत्तर प्रदेश की कुछ चीनी मिलों का अधिग्रहण करने की सिफारिश की है; और

(ख) यदि हां, तो इनकी संख्या कितनी है ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

Metalliferous mining and Metallurgical Institute in South

1824. SHRI G. Y. KRISHNAN: Will the Minister of EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE be pleased to state:

(a) whether there is any proposal under the consideration of Government for establishment of a metalliferous mining and metallurgical institute in the South as a National Institution like the Dhanbad school; and

(b) whether Dhanbad school is now the only national institution which caters to coal mining only whereas the institute in the South would overcome the present lack of mobility of mining engineers between the North and the South?

THE MINISTER OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE (DR. PRATAP CHANDRA CHUNDER): (a) No, Sir.

(b) Besides the Indian School of Mines Dhanbad, Six institute including one in South—Osmania University, Hyderabad offer courses at first degree level in this area. No difficulty has come to the Central Government's notice regarding the mobility of mining engineers from one part of the country to another.

उत्तर प्रदेश में चीनी मिल की स्थापना करना

1825. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :** क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बहराईच जिला उत्तर प्रदेश के सबसे पिछड़े हुए जिलों में से एक है लेकिन वहां पर गन्ने का अधिक उत्पादन होता है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस जिले के विकास के लिए वहां पर चीनी मिल की स्थापना पर विचार करेगी ; और

(ग) यदि हां, तो इस दिशा में सरकार का विचार किस तारीख तक कार्य शुरू करने का है ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) से (ग) बहराइच जिला उत्तर प्रदेश का एक अधिसूचित पिछड़ा हुआ इलाका है। वहां पहले ही एक चीनी फैक्टरी है जिसकी स्थापित क्षमता 1118 मीटरी टन, गन्ना प्रतिदिन है। किसान सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड नानपारा, जिला बहराइच को 26 मार्च, 1974 को 1250 मीटरी टन गन्ना प्रतिदिन का औद्योगिक लाइसेंस दिया गया है और इसको अभी कार्यान्वित करना है। राज्य सरकार ने सूचित किया है कि बहराइच जिले में फिलहाल गन्ने का प्रचुर मात्रा में उत्पादन नहीं होता है और जिले में गन्ने की वर्तमान उपलब्धता इतनी नहीं है कि एक अन्य चीनी फैक्ट्री स्थापित की जा सके।